St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –14)** **Date: 17.09.2020**
Topic: सीख भरे दोहे **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 हमें मीठी बोली क्यों बोलनी चाहिए ?

उ- कबीरदास जी कहते है कि हमें ऐसी वाणी बोलनी चाहिए , जिससे दूसरों को अच्छा लगे | मधुर वाणी दूसरों को अपने बस में कर लेती है | इससे दूसरों का मन शीतल होता है | दूसरों को खुशी पहुँचाने से अपना मन भी शीतल होता है | अतः हमें सबसे मधुर वाणी में ही बात करनी चाहिए |

2 कबीरदास ने हर चीज़ की अति को बुरा क्यों कहा है ?

उ- कबीरदास जी ने हर चीज़ की अति को बुरा कहा है , क्योंकि इससे बहुत नुकसान होता है | इसका उदहारण देते हुए वे कहते हैं कि न अधिक बोलना चाहिए और न ही अधिक चुप रहना चाहिए | अधिक बोलने से हम दूसरों की बात समझ नहीं पाते | कम बोलने से हम अपनी बात दूसरों को नहीं समझा पाते | इसी तरह अधिक पानी बरसने से बाढ़ आ जाती हैं और कम पानी बरसने से सूखा पड़ जाता है \

3 ईश्वर हमारा रक्षक कैसे है ?

उ- कबीरदास कहते हैं कि इस संसार में हर तरह के लोग रहते हैं | लोग एक दूसरे से शत्रुता , ईर्ष्या , लड़ाई करते हैं | ईश्वर जिसकी रक्षा करते हैं , उसे कोई भी मार नहीं सकता | पूरा संसार भी उसका दुश्मन क्यों न हो जाये , कोई उसका ज़रा भी नुकसान नहीं कर सकता | इसलिए हमें हर समय ईश्वर की प्रार्थना करना चाहिए |

4 हमें अपना काम समय पर क्यों करना चाहिए ?

उ- कबीरदास जी कहते हैं कि हमें अपना सब कम समय पर करना चाहिए |समय का जीवन में बहुत महत्त्व है | जो काम कल करना हो उसे आज करो | जो काम आज करना हो , उसे तुरंत कर लो |हमें आलस्य नहीं करना चाहिए , क्योंकि भविष्य में कुछ भी हो सकता है |

Poonam Mehra